दिनांक 14.09.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बंद लाईटे होगे चालू, जगमग होगा शहर

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्य सड़क शहर के अन्य सड़क गली मोहल्लों , उद्यान व तालाब में लगे विद्युत पोल का नम्बरिंग के साथ सभी पोल में लाईट की जांच कर बंद लाईट को तत्काल चालू करने के निर्देश महापौर एवं आयुक्त ने जोन आयुक्तों को दिये।

महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जोन के आयुक्त से उनके जोन में लगे विद्युत खम्बों की जानकारी , खम्बों की नंबरिंग कार्य की प्रगति से अवगत हुये। आयुक्त ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में खम्बे तो लगे है , लेकिन लाईट कि व्यवस्था अभी तक नहीं हो सका है उन खम्बों में फिक्चर लाईट लगावे बंद लाईट को बदलकर चालू करें आगामी पड़ने वाले त्यौहार को ध्यान में रखकर शहर की सभी लाईट चालू रखे उद्यान तथा तालाबों में भी पर्याप्त प्रकाश कि व्यवस्था सुनिश्चित करें।

आयुक्त ने रोका छेका संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी से कहा कि निगम द्वारा संचालित गौठनों में मवेशियों कि संख्या अत्यधिक होने के कारण मवेशियों को ग्रामीण गौठन में स्थानांतरित करने जनपद पंचायत विभाग से समन्वय बनाकर कार्य करें । टाउनशिप क्षेत्रों में सड़कों में घुमने वाले मवेशियों कि धड़पकड़ हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र को पत्र प्रेषित करें। वे अपने क्षेत्र में मवेशियों को रखने टाउनशिप क्षेत्र में गौठान का निर्माण कर रखे । बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त खिरोद्र भोई , येशा लहरे , अमिताभ शर्मा , पूजा पिल्ले , कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा , अखिलेश चन्द्राकर , कुलदीप गुप्ता , आर.एस.राजपूत सहिंत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।